राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, छत्तीसगढ़

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

ई–मेल : seaccg@gmail.com

विषय– राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 22/05/2023 को संपन्न 485वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

—00—

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 485वीं बैठक दिनांक 22/05/2023 को डॉ. बी.पी. नोन्हारे, अध्यक्ष, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:–

1. डॉ. शैलेश कुमार जाधव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
2. श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
3. श्री किशन सिंह घुरा, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
4. डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
5. श्री डी. राहुल वेंकट, सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गया–

एजेण्डा आयटम क्रमांक–1: **482वीं, 483वीं एवं 484वीं बैठक क्रमशः दिनांक 09/05/2023, 10/05/2023 एवं 11/05/2023 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन के संबंध में।**

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 482वीं, 483वीं एवं 484वीं बैठक क्रमशः दिनांक 09/05/2023, 10/05/2023 एवं 11/05/2023 को संपन्न हुई थी। समिति को अवगत कराया गया कि बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार किया जा रहा है, जिसे समिति के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त स्थिति से समिति सहमत हुई।

एजेण्डा आयटम क्रमांक–2: **गौण/मुख्य खनिजों एवं क्रशर/स्टोन क्रशर परियोजना तथा औद्योगिक परियोजना संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर/अन्य आवश्यक निर्णय लिया जाना।**

1. मेसर्स पलासपदर लाईम स्टोन माईन (इमामी सिमेंट लिमिटेड), ग्राम–पलासपदर, तहसील–बलौदाबाजार, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2360)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 423152/ 2023, दिनांक 04/04/2023 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित चूना पत्थर (मुख्य खनिज) खदान है। खदान ग्राम–नवसमदर, तहसील–बलौदाबाजार, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा स्थित खसरा क्रमांक 228, 229, 238, 240, 241/1, 241/2, 242/2, 243, 245, 247, 248, 249, 250/1, 250/2, 251, 252, 253, 254/1, 254/2, 254/3, 254/4, 254/5, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 268, 270/1, 270/2, 273, 274, 275, 277/1 में शामिल 279, 282, 283, 284 में शामिल 286, 289/1/1 में शामिल 291, 289/1/2 में शामिल 291, 289/1/3 में शामिल 291, 293/1, 294/1, 294/2, 295, 296, 298, 299, 300, 301/1, 301/2, 302/1, 302/2, 303, 304, 305, 306, 307, 308, 309, 310/1, 310/2, 310/3, 311, 313/1, 313/2, 313/3, 313/4, 314/1, 314/2, 315, 316, 317, 318, 319, 320, 323, 324, 326, 327, 328, 329, 330, 331, 332, 333, 334, 335, 336, 337/1, 337/2, 338, 339, 340, 341/1, 341/2, 342, 343, 344, 345, 346, 349, 350, 351, 352, 404, 405, 406, 407, 408, 409, 410, 411, 412, 413, 414, 421, 422/1, 422/2, 422/3, 422/4, 422/5, 422/6, 422/7, 422/8, 456, 479, 271, 272, 353/1 शामिल 356, 353/2, 244/1, 239/1, 239/2, 246/1, 246/2, 262/1, 262/2, 262/3, 263/1, 263/2, 264, 265/1, 276/1, 276/2, 276/3, 276/4, 277/2 शामिल 278, 277/3, 286/1, 288/2, 288/2, 288/3, 297/1 शामिल 297/2, 297/3, 312/1, 312/2, 321/1, 321/2 शामिल 322/1, 325/1, 325/2, 415/1, 415/2, 415/3, 415/4, 281/3, 281/4, 281/5, 281/6, 491/17, 401 एवं 402, कुल रकबा–28.461 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता–0.6 मिलियन टन प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/08/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 465वीं बैठक दिनांक 22/08/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राघु रामचंद्रन, प्लांट हेड एवं श्री सुदीप द्विवेदी, डी.जी.एम. इन्वायरमेंट उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर पाया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है, जबकि ड्राफ्ट माईनिंग प्लान की प्रति प्रस्तुत की गई है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी/ अनुमोदित माईनिंग प्लान प्रस्तुत करने एवं प्रस्तुतीकरण हेतु अनुरोध पत्र प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

2. मेसर्स शेर क्रिसा अर्थवर्क्स क्वारी माईनिंग प्रोजेक्ट एण्ड क्रिसा सिमरी ब्रिक प्लांट प्रोजेक्ट (प्रो.– श्री जीवराज चंद्राकर), ग्राम–शेर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1612)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 61881/2021, दिनांक 16/03/2021 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। परिवेश पोर्टल 2.0 में अपडेट होने के कारण पर्यावरणीय स्वीकृति आवेदन के दौरान पुनः नया टी.ओ.आर ऑनलाईन आवेदन प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 425788/2023 जनरेट (Automatic) हुआ। तत्पश्चात् पर्यावरणीय

स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट सहित आवेदन करने पर प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/425864/2023, दिनांक 13/04/2023 जनरेट हुआ है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान एवं फिक्स चिमनी ईंट उत्पादन इकाई है। खदान ग्राम–शेर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 3616, 3619, 3649, 3650, 3651, 3652, 3656, 3661, 3662, 3663, 3722/1, 3664/1, 3664/2, 3666, 3596, 3722/2 एवं 3723, कुल क्षेत्रफल – 6.93 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 5,102 घनमीटर (ईंट उत्पादन इकाई 51,02,000 नग) प्रतिवर्ष है।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/06/2021 द्वारा प्रकरण 'बी1' कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) जारी किया गया है।

तद्‌नुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/06/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 463वीं बैठक दिनांक 22/06/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री रवि चन्द्राकर, अधिकृत प्रतिनिधि एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स कॉगनिजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश की ओर से सुश्री अंजली चवाने उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट मेसर्स एडीसिंग एनवायरोटेक इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड नोएडा, उत्तरप्रदेश द्वारा तैयार किया गया था। मेसर्स एडीसिंग एनवायरोटेक इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड नोएडा, उत्तरप्रदेश द्वारा अपरिहार्य कारणों से आवेदित प्रकरण की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्ति हेतु आगामी कार्यवाही को जारी रखने में असमर्थता व्यक्त की गई। तद्‌नुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा मेसर्स कॉगनिजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश को नियुक्त किया गया। इस बाबत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा अण्डरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है। तत्पश्चात् मेसर्स कॉगनिजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश द्वारा विश्लेषण एवं सत्यापित (Analyzed and verified) कर फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। आवेदित प्रकरण से संबंधित समस्त तथ्यों का उत्तरदायित्व मेसर्स कॉगनिजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश का होना बताया गया।
2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।
3. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत शेर का दिनांक 13/11/2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान, इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त–संचालक (खप्र.), संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पृ. ज्ञापन क्रमांक 368/खनि02/मा.प्ला.अनुमोदन/न.क्र.02/2018(2) नवा रायपुर, दिनांक 12/02/2021 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 732/क/खलि/न.क्र.69/2018 महासमुंद, दिनांक 03/06/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 2 खदानें, संकलन 5.94 हेक्टेयर है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 384/क/खलि/न.क्र./2021 महासमुंद, दिनांक 01/03/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे धार्मिक स्थल, मंदिर, मस्जिद, अस्पताल, स्कूल, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है। बरसाती नाला 65 मीटर दूर है।

7. **एल.ओ.आई. संबंधी विवरण** – एल.ओ.आई. श्री जीवराज चन्द्राकर के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 1615/क/उत्खनि पट्टा/ख.लि./न.क्र.69/2019 महासमुंद, दिनांक 10/11/2020 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता जारी दिनांक से 1 वर्ष (अर्थात् दिनांक 09/11/2021) की अवधि हेतु थी। तत्पश्चात् एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पृ. ज्ञापन क्र. 06/खनि 02/उ.प.–अनु.नियम./न.क्र.50/2017(4) नवा रायपुर, दिनांक 01/01/2022 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता 1 वर्ष (अर्थात् दिनांक 08/11/2022) की अवधि हेतु वैध थी। तदोपरांत एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि बाबत् न्यायालय संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 99/2022 द्वारा जारी पारित आदेश दिनांक 16/02/2023 की प्रति प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार "उपरोक्त **विवेचना के आधार पर पुनरीक्षण प्रकरण स्वीकार करते हुए, यह निर्देशित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज, 2015 के नियम 42(6) परंतु के तहत् उक्त प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने एवं उत्खनन पट्टा स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान करते हुए प्रकरण कलेक्टर, जिला महासमुंद को प्रत्यावर्तित किया जाता है।**" होना बताया गया है।

8. **भू–स्वामित्व** – भूमि खसरा क्रमांक 3615 श्री आत्माराम एवं सुश्री आशा बाई, खसरा क्रमांक 3618 श्री मान सिंह, खसरा क्रमांक 3649, 3650 एवं 3651 श्रीमती सेवा बाई, खसरा क्रमांक 3652 श्री सत्य नारायण, खसरा क्रमांक 3656 श्री आनंद राम, खसरा क्रमांक 3661 श्री सैतन, खसरा क्रमांक 3662 श्री हुमन, खसरा क्रमांक 3663 एवं 3722/1 श्रीमती भागबती, खसरा क्रमांक 3664/1 श्री नोहर, श्री जीवन, श्री रमेश, श्री दौलतलाल, खसरा क्रमांक 3664/2 श्री बिसेलाल, खसरा क्रमांक 3698 श्री पीलुराम, खसरा क्रमांक 3722/2 श्रीमती कोमहिन, खसरा क्रमांक 3723 श्री टेंगुराम, श्री सेवकराम, श्री देवसरन, श्रीमती सावित्री एवं खसरा क्रमांक 3666 आवेदक के नाम पर है। उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./3131 महासमुंद, दिनांक 03/06/2019 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र वन क्षेत्र की सीमा से 2.5 कि.मी. की दूरी पर है।

11. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–तेंदा 680 मीटर, स्कूल ग्राम–तेंदा 960 मीटर एवं अस्पताल महासमुंद 6 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 2.8 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 26.4 कि.मी. दूर है। मौसमी नाला 155 मीटर, नहर 480 मीटर, तालाब 680 मीटर एवं कमनई नदी 3.6 कि.मी. दूर है।

12. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

13. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 1,38,600 घनमीटर, माईनेबल रिजर्व 1,28,775 घनमीटर एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,28,199 घनमीटर है। लीज की 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 1,904 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट मैनुअल विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 2 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1 मीटर एवं चौड़ाई 1 मीटर है। लीज क्षेत्र के भीतर 0.2 हेक्टेयर में क्षेत्र ईंट निर्माण हेतु भट्ठा (किलन) प्रस्तावित है, जिसकी चिमनी की ऊंचाई 33 मीटर है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के साथ 50 प्रतिशत फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाएगा। खदान की संभावित आयु 25 वर्ष है। एक लाख ईंट निर्माण हेतु 13 टन कोयला की आवश्यकता होगी। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार प्रस्तावित वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
प्रथम	5,102	51,02,000
द्वितीय	5,102	51,02,000
तृतीय	5,102	51,02,000
चतुर्थ	5,102	51,02,000
पंचम	5,102	51,02,000

आगामी वर्षों की उत्पादन योजना

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
षष्ठम	5,102	51,02,000
सप्तम	5,102	51,02,000
अष्टम	5,102	51,02,000
नवम	5,102	51,02,000
दशम	5,102	51,02,000

14. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 9.5 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जावेगी। इस बाबत् सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

15. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 1 मीटर की पट्टी में कुल 960 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 10,450 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 1,72,500 रूपये, खाद के लिए राशि 24,050 रूपये, सिंचाई एवं रख–रखाव आदि के लिए राशि 1,40,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 3,47,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं रख–रखाव हेतु कुल राशि 6,60,000 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

16. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण :–**

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 16 मार्च 2021 से 15 जून 2021 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. **मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल:–**

Concentration level ($\mu g/m^3$) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	**Minimum ($\mu g/m^3$)**	**Maximum ($\mu g/m^3$)**	**CPCB Standard ($\mu g/m^3$)**
$PM_{2.5}$	24	47	60
PM_{10}	52	76	100
SO_2	6	16	80
NO_2	12	26	80

iii. **परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता**– ई.आई.ए. के Chapter-3 Description of environment में दर्शाये गये टेबल अनुसार क्लोराइडस, नाइट्रेट्स, सल्फर, कार्बोनेट्स, आर्सेनिक एवं अन्य रसायनिक तत्वों का सान्द्रण लेवल भारतीय मानक से कम है।

iv. **परिवेशीय ध्वनि स्तर**–

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	**Minimum dB (A)**	**Maximum dB (A)**	**CPCB Standard dB (A)**
Day L_{eq}	38.2	52.4	75
Night L_{eq}	31.2	41.6	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है।

v. उक्त मॉनिटरिंग कार्य के सत्यापन हेतु अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य 01 अक्टूबर 2022 से 15 नवम्बर 2022 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

vi. अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य के परिणामों अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल–

Concentration level (µg/m^3) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	Minimum (µg/m^3)	Maximum (µg/m^3)	CPCB Standard (µg/m^3)
$PM_{2.5}$	24	57	60
PM_{10}	53	78	100
SO_2	8	18	80
NO_2	11	34	80

vii. अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य के परिणामों अनुसार परिवेशीय ध्वनि स्तर–

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	Minimum dB (A)	Maximum dB (A)	CPCB Standard dB (A)
Day L_{eq}	37.7	53.1	75
Night L_{eq}	31.7	42.7	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है। मॉनिटरिंग कार्य तथा अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य के परिणाम तुलनात्मक रूप से समान पाये गये।

viii. **पी.सी.यू. की गणना**– भारी वाहनों / मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में 757 पी.सी.यू. प्रतिदिन एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) 0.126 है। प्रस्तावित परियोजना उपरांत 96 पी.सी.यू. की वृद्धि होगी। तत्पश्चात् कुल 853 पी.सी.यू. प्रतिदिन एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) 0.142 होगी। विस्तार के उपरांत भी रॉ-मटेरियल / प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड कैरिंग क्षमता निर्धारित मानक (Excellent) के भीतर है।

17. लोक सुनवाई दिनांक 28/09/2022 को दोपहर 12:00 बजे स्थान – ग्राम पंचायत भवन भोंगरा के समीप, तहसील व जिला–महासमुंद में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 08/10/2022 द्वारा प्रेषित किया गया है।

18. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है–**

i. ग्राम भोंगरा, सालेभाठा में पर्यावरण को देखते हुए वृक्षारोपण किया गया है।

ii. ग्राम में जो बेरोजगार है वो पहले अन्य राज्यों में रोजगार हेतु जाने को मजबूर थे। सालेभाठा में ईंट भट्ठा खुलने से उन्हें रोजगार मिलेगा।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावकों की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है–

i. खदान सीमा क्षेत्र में 1,898 नग पौधे एवं गैर माइनिंग क्षेत्र में 90 नग पौधे अर्थात् कुल 1,988 पौधे, स्थानीय प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा एवं सुरक्षा के लिए कांटेदार बाड़ के साथ नियत अंतराल किया जाएगा।

ii. छत्तीसगढ़ शासन की आदर्श पुनर्वास एवं रोजगार नीति के अनुसार योग्यता तथा अनुभव के आधार पर स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जाएगा।

19. **क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरोमेंटल मैनेजमेंट प्लान** — परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान को शामिल करते हुये क्लस्टर में कुल 3 खदानें आती है। अतः क्लस्टर में शामिल खदानों द्वारा कॉमन इन्वायरोमेंटल मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है। कॉमन इन्वायरोमेंटल मैनेजमेंट प्लान के तहत् निम्न कार्य प्रस्तावित है:—

विवरण	प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुँच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव, पहुँच मार्ग की कुल लम्बाई 1 कि.मी.	1,80,000	1,80,000	1,80,000	1,80,000	1,80,000
पहुँच मार्ग के दोनों तरफ (666 नग) वृक्षारोपण हेतु	2,31,000	1,58,000	1,58,000	1,58,000	1,58,000
इन्वायरोमेंट मॉनिटरिंग अर्धवार्षिक (Half yearly)	80,000	80,000	80,000	80,000	80,000
सड़क/पहुँच मार्ग के रख–रखाव हेतु	60,000	60,000	60,000	60,000	60,000
हेल्थ चेकअप कैम्प्स फॉर विलेजर्स	40,000	40,000	40,000	40,000	40,000
कुल राशि = 26,63,000	**5,91,000**	**5,18,000**	**5,18,000**	**5,18,000**	**5,18,000**

कॉमन इन्वायरोमेंटल मैनेजमेंट प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता निम्नानुसार होगी:—

विवरण	प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुँच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव, पहुँच मार्ग की कुल लम्बाई 538 मीटर	96,924	96,924	96,924	96,924	96,924
538 मीटर मार्ग के दोनों तरफ (358 नग) वृक्षारोपण हेतु	1,24,385	85,077	85,077	85,077	85,077
इन्वायरोमेंट मॉनिटरिंग	43,077	43,077	43,077	43,077	43,077
सड़क/पहुँच मार्ग के रख–रखाव हेतु	32,308	32,308	32,308	32,308	32,308
हेल्थ चेकअप कैम्प्स फॉर विलेजर्स	21,539	21,539	21,539	21,539	21,539
कुल राशि = 14,33,933	**3,18,233**	**2,78,925**	**2,78,925**	**2,78,925**	**2,78,925**

20. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** — परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:—

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (In Lakh	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund

		Rupees)		Allocation (in Lakh Rupees)
			Following activities at Village- Sher	
94.95	2%	1.90	Plantation and Fencing at Village Pond, AMC for 5 years	2.1
			Total	2.1

21. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब पर (आम, कटहल एवं जामुन) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 60 नग पौधों के लिए राशि 6,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 9,000 रूपये, खाद के लिए राशि 3,000 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 36,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 54,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 1,56,000 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत शेर के सहमति उपरांत तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण (खसरा क्रमांक 1816, क्षेत्रफल 0.38 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

23. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

24. फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

25. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

27. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संरक्षण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

28. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 214 में दिये गये निर्देश का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

29. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा

निर्देशों का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

30. लोकसुनवाई के दौरान उठाये गये समस्त मुद्दों के निराकरण हेतु किये जाने वाले कार्यों बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

31. संयुक्त पर्यावरण प्रबंधन योजना के अनुपालन के लिए पर्यावरण के गाईडलाईन के अनुसार क्लस्टर में सम्मिलित सभी आवेदकों के द्वारा पर्यावरण समिति का गठन किये जाने एवं समिति के दिशा–निर्देश तथा निगरानी में पर्यावरण प्रबंधन योजना का निर्धारित कार्य पूर्ण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

32. आवेदित खदान में प्रस्तावित चिमनी किलन को पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 22/02/2022 के परिवेश जिगजैग पैटर्न का उपयोग करते हुये ईंट निर्माण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

33. ईंट निर्माण में उपयोग किये जाने वाले फ्लाई ऐश के उचित रख–रखाव के लिए टिन शेड का उपयोग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

34. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 22/02/2022 को जारी अधिसूचना में ईंट भट्टा हेतु जारी दिशा–निर्देश के टिप्पणी क्रमांक 6 के अनुसार "ईंट भट्टों को आबादी और फलों के बागों से 0.8 कि.मी. की न्यूनतम दूरी पर स्थापित किया जाना चाहिए। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियां आवास, जनसंख्या घनत्व, जल निकायों, संवेदनशील रिसेप्टर्स इत्यादि की निकटता का ध्यान रखते हुये स्थापित मानदंडों को सख्त बना सकते है।" का उल्लेख है।

उक्त दिशा–निर्देश के तहत् आवेदित खदान से 0.8 किलोमीटर क्षेत्र तक ईंट भट्टे का निर्माण नहीं किया जाना है।

लीज क्षेत्र से निकटतम आबादी ग्राम–सैल 660 मीटर की दूरी पर होने के कारण प्रस्तुत उत्खनन योजना में चिमनी/किलन के प्रस्ताव को हटाकर गैर माईनिंग क्षेत्र रखते हुए केवल मिट्टी उत्खनन किये जाने बाबत् संशोधित अनुमोदित उत्खनन योजना सक्षम अधिकारी से अनुमोदन कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

35. उपरोक्त के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित लीज क्षेत्र से केवल मिट्टी का उत्खनन कार्य किया जाएगा एवं लीज क्षेत्र के अंदर किसी भी प्रकार का चिमनी भट्टा (फिक्स चिमनी) या चिमनी किलन के माध्यम से पक्की ईंट का निर्माण नहीं किया जाएगा आवेदित खदान हेतु निर्मित उत्खनन योजना दर्शित चिमनी किलन के स्थान पर प्रतिबंधित माईनिंग क्षेत्र के रूप में छोड़ दिया जाएगा। इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. प्रस्तावित लीज क्षेत्र में केवल मिट्टी उत्खनन किये जाने हेतु संशोधित व अनुमोदित उत्खनन योजना सक्षम अधिकारी से अनुमोदन कराकर प्रस्तुत किया जाए।

2. आवेदित खदान से बनाये जाने वाले कच्चे ईंट को कहां–कहां, किन–किन भट्ठों में उपयोग किया जाएगा तथा उन भट्ठों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त है अथवा नहीं? के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

3. मेसर्स सालेभाठा क्विक अर्थ क्ले क्वारी माईन एण्ड फिक्स चिमनी ब्रिक प्लांट (प्रो.– श्री ब्रिजलाल दीवान), ग्राम–सालेभाठा, तहसील एवं जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1608)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 61661/2021, दिनांक 15/03/2021 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। परिवेश पोर्टल 2.0 में अपडेट होने के कारण पर्यावरणीय स्वीकृति आवेदन के दौरान पुनः नया टी.ओ.आर ऑनलाईन आवेदन प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 425802/2023 जनरेट (Automatic) हुआ। तत्पश्चात् पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट सहित आवेदन करने पर प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/425867/2023, दिनांक 13/04/2023 जनरेट हुआ है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित मिट्टी उत्खनन (गौण खनिज) खदान एवं फिक्स चिमनी ईंट उत्पादन इकाई है। खदान ग्राम–सालेभाठा, तहसील एवं जिला–महासमुंद, खसरा क्रमांक 158/1, 158/2, 158/3, 159, 187, 188/1, 188/2, 188/3, 189, 190/1, 190/2, 190/3, 190/4, 190/5, 198, 201, 202, 203, 204 एवं 205, कुल क्षेत्रफल–5.36 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित मिट्टी उत्खनन क्षमता – 5,102 घनमीटर (ईंट उत्पादन इकाई 51,02,000 नग) प्रतिवर्ष है।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/06/2021 द्वारा प्रकरण 'बी' केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टेण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/06/2023 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 480वीं बैठक दिनांक 22/06/2023

प्रस्तुतिकरण हेतु श्री रवि चन्द्राकर, अधिकृत प्रतिनिधि एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स ग्रीनसिटीज रिसर्च इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश की ओर से सुश्री अंजली कश्यप उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. प्रस्तुतिकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट मेसर्स एसीसिज एनवायरोटेक इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड नोएडा, उत्तरप्रदेश द्वारा तैयार किया गया था। मेसर्स एसीसिज एनवायरोटेक इण्डिया

प्राईवेट लिमिटेड नोएडा, उत्तरप्रदेश द्वारा अपरिहार्य कारणों से आवेदित प्रकरण की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्ति हेतु आगामी कार्यवाही को जारी रखने में असमर्थता व्यक्त की गई। तदनुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा मेसर्स कॉग्निजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश को नियुक्त किया गया। इस बाबत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा अण्डरटेकिंग (Undertaking) प्रस्तुत किया गया है। तत्पश्चात् मेसर्स कॉग्निजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश द्वारा विश्लेषण एवं सत्यापित (Analyzed and verified) कर फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। आवेदित प्रकरण से संबंधित समस्त तथ्यों का उत्तरदायित्व मेसर्स कॉग्निजेंस रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा, उत्तरप्रदेश का होना बताया गया।

2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–** इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

3. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र –** उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत मोहदा का दिनांक 14/03/2021 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. **उत्खनन योजना –** क्वारी प्लान, इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त–संचालक (खं.प्र.) संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पृ. ज्ञापन क्र. 870/खनि 02/मा.प्ला.अनुमोदन/न.क्र.02/2019(2) नवा रायपुर, दिनांक 12/02/2021 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान –** कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 731/क/खनि/न.क्र. 68/2018 महासमुंद, दिनांक 03/06/2022 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 2 खदानें, क्षेत्रफल 7.61 हेक्टेयर है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं –** कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 365/क/खनि/न.क्र. /2021 महासमुंद, दिनांक 01/03/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे पुल, रेल लाईन, नहर, बांध, एनीकट, भवन, स्कूल, अस्पताल, वाटर सप्लाई परियोजना, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, मरघट, दार्शनिक स्थल इत्यादि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है। बरसाती नाला 75 मीटर दूर है।

7. **एल.ओ.आई. का विवरण –** एल.ओ.आई. श्री कुलताल दीवान के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 1818/क/उत्खनि पट्टा/खा.लि./न.क्र. 68/2019 महासमुंद, दिनांक 24/12/2020 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता एक वर्ष (अर्थात् दिनांक 23/12/2021) की अवधि हेतु थी। तत्पश्चात् एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पृ. ज्ञापन क्र. 04/खनि 02/उ.प.–अनु.निवा./न.क्र.50/2017(4) नवा रायपुर, दिनांक 01/01/2022 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता 1 वर्ष (अर्थात् दिनांक 22/12/2022) की अवधि हेतु थी। तदोपरांत एल.ओ.आई. की वैधता वृद्धि बाबत् न्यायालय संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 86/2022

द्वारा जारी पारित आदेश दिनांक 16/02/2023 की प्रति प्रस्तुत की गई है जिसके अनुसार "उपरोक्त विवेचना के आधार पर पुनरीक्षण प्रकरण स्वीकार करते हुए, यह निर्देशित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 42(5) परंतु के तहत् उक्त प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने एवं उत्खनन पट्टा स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त समयावधि प्रदान करते हुए प्रकरण कलेक्टर, जिला महासमुंद को प्रत्यावर्तित किया जाता है।" होना बताया गया है।

8. **भू-स्वामित्व** – भूमि संबंधी दस्तावेज (बी–1, पी–2) एवं उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों का सहमति पत्र की पठनीय प्रति प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

9. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमंडल, जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./3134 महासमुंद, दिनांक 03/06/2019 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित स्थल की वन सीमा से 2.5 कि.मी. की दूरी पर है।

11. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–सालेभाठा 450 मीटर, स्कूल ग्राम–सालेभाठा 600 मीटर एवं अस्पताल महासमुंद 6.3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 2.5 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 26.5 कि.मी. दूर है। कनाई नदी 3.40 कि.मी., नहर 510 मीटर, तालाब 365 मीटर, केशवा नाला 145 मीटर एवं मौसमी नाला 45 मीटर दूर है।

12. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

13. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 1,07,200 घनमीटर, माईनेबल रिजर्व 97,391 घनमीटर एवं रिकवरेबल रिजर्व 96,443 घनमीटर है। लीज की 1 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 1,902 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट मैनुअल विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 2 मीटर है। बेंच की ऊंचाई 1 मीटर एवं चौड़ाई 1 मीटर है। लीज क्षेत्र के भीतर 2,000 वर्गमीटर में क्षेत्र ईंट निर्माण हेतु भट्ठा स्थापित किया जाएगा, जिसकी चिमनी की न्यूनतम ऊंचाई 33 मीटर प्रस्तावित है। ईंट निर्माण हेतु मिट्टी के साथ 50 प्रतिशत फ्लाई ऐश का उपयोग किया जाएगा। खदान की संभावित आयु 19 वर्ष है। एक लाख ईंट निर्माण हेतु 13 टन कोयला की आवश्यकता होगी। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा। अनुमोदित क्वारी प्लान अनुसार वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (घनमीटर)	प्रस्तावित उत्पादन (नग)
प्रथम	5,102	51,02,000
द्वितीय	5,102	51,02,000
तृतीय	5,102	51,02,000

चतुर्थ	5,102	51,02,000
पंचम	5,102	51,02,000
षष्टम	5,102	51,02,000
सप्तम	5,102	51,02,000
अष्टम	5,102	51,02,000
नवम	5,102	51,02,000
दशम	5,102	51,02,000

14. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 9.5 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जायेगी। इस बाबत् सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

15. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 1 मीटर की पट्टी में 348 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 11,410 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 1,72,620 रूपये, खाद के लिए राशि 25,970 रूपये, सिंचाई एवं रख–रखाव आदि के लिए राशि 1,40,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 3,50,000 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं रख–रखाव हेतु कुल राशि 5,68,000 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु वर्षवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

16. **गैर माईनिंग क्षेत्र** – खदान से मौसमी नाला 45 मीटर दूर है। माईनिंग प्लान अनुसार 240 वर्गमीटर क्षेत्र को गैर माईनिंग क्षेत्र रखा जाएगा।

17. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण** :-

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 15 मार्च 2021 से 15 जून 2021 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. **मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल**–

Concentration level (µg/m^3) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	Minimum (µg/m^3)	Maximum (µg/m^3)	CPCB Standard (µg/m^3)
$PM_{2.5}$	24	47	60
PM_{10}	52	78	100
SO_2	6	16	80
NO_2	12	26	80

iii. **परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता**– ई.आई.ए. के Chapter-3 Description of environment में दर्शाये गये टेबल अनुसार क्लोराइडस, नाइट्रेटस, सल्फर, कार्बोनेटस, आर्सेनिक एवं अन्य रसायनिक तत्वों का सान्द्रण लेवल भारतीय मानक से कम है।

iv. **परिवेशीय ध्वनि स्तर**–

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	Minimum dB (A)	Maximum dB (A)	CPCB Standard dB (A)
Day L_{eq}	38.2	52.4	75
Night L_{eq}	31.2	41.6	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है।

v. उक्त मॉनिटरिंग कार्य के सत्यापन हेतु अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य 01 अक्टूबर 2022 से 15 नवम्बर 2022 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

vi. अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य के परिणामों अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल–

Concentration level (µg/m^3) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	Minimum (µg/m^3)	Maximum (µg/m^3)	CPCB Standard (µg/m^3)
$PM_{2.5}$	24	57	60
PM_{10}	53	78	100
SO_2	6	18	80
NO_2	11	34	80

vii. अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य के परिणामों अनुसार परिवेशीय ध्वनि स्तर–

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	Minimum dB (A)	Maximum dB (A)	CPCB Standard dB (A)
Day L_{eq}	37.7	53.1	75
Night L_{eq}	31.7	42.7	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है। मॉनिटरिंग कार्य तथा अतिरिक्त मॉनिटरिंग कार्य के परिणाम तुलनात्मक रूप से समान पाये गये।

viii. **पी.सी.यू. की गणना–** भारी वाहनों / मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में 757 पी.सी.यू. प्रतिदिन एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) 0.126 है। प्रस्तावित परियोजना उपरांत 96 पी.सी.यू. की वृद्धि होगी। तत्पश्चात् कुल 853 पी.सी.यू. प्रतिदिन एवं वी/सी अनुपात (V/C ratio) 0.142 होगी। विस्तार के उपरांत भी रॉ–मटेरियल / प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड कैरिंग क्षमता निर्धारित मानक (Excellent) के भीतर है।

18. लोक सुनवाई दिनांक 28/09/2022 को दोपहर 12:00 बजे स्थान – ग्राम पंचायत भवन भोंगरा के समीप, तहसील व जिला–महासमुंद में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 06/10/2022 द्वारा प्रेषित किया गया है।

19. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है–**

i. ग्राम भोंगरा, खल्लेभाठा में पर्यावरण को देखते हुए वृक्षारोपण किया गया है।

ii. ग्राम में जो बेरोजगार है वो पहले अन्य राज्यों में रोजगार हेतु जाने को मजबूर थे। खल्लेभाठा में ईंट भट्ठा खुलने से उन्हें रोजगार मिलेगा।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावकों की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है–

i. खदान लीज क्षेत्र में 1,888 नग पौधे एवं गैर माईनिंग क्षेत्र में 80 नग पौधे अर्थात् कुल 1,968 पौधे, स्थानीय प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा एवं सुरक्षा के लिए कांटेदार बाड़ के साथ नियत अंतराल किया जाएगा।

ii. छत्तीसगढ़ शासन की आदर्श पुनर्वास एवं रोजगार नीति के अनुसार योग्यता तथा अनुभव के आधार पर स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जाएगा।

20. **क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि आवेदित खदान को शामिल करते हुये क्लस्टर में कुल 3 खदानें आती हैं। अतः क्लस्टर में शामिल खदानों द्वारा कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है। कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान के तहत् निम्न कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण	प्रथम (रुपये)	द्वितीय (रुपये)	तृतीय (रुपये)	चतुर्थ (रुपये)	पंचम (रुपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव, पहुंच मार्ग की कुल लम्बाई 1 कि.मी.	1,80,000	1,80,000	1,80,000	1,80,000	1,80,000
पहुंच मार्ग के दोनों तरफ (666 नग) वृक्षारोपण हेतु	2,31,000	1,58,000	1,58,000	1,58,000	1,58,000
इन्वायरमेंट मॉनिटरिंग (छः माही)	80,000	80,000	80,000	80,000	80,000
सड़क/पहुंच मार्ग के रख–रखाव हेतु	60,000	60,000	60,000	60,000	60,000
हेल्थ चेकअप कैम्प्स और सिवेजर्स	40,000	40,000	40,000	40,000	40,000
कुल राशि = 26,63,000	**5,91,000**	**5,18,000**	**5,18,000**	**5,18,000**	**5,18,000**

कॉमन इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान में परियोजना प्रस्तावक की सहभागिता निम्नानुसार होगी:–

विवरण	प्रथम (रुपये)	द्वितीय (रुपये)	तृतीय (रुपये)	चतुर्थ (रुपये)	पंचम (रुपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव, पहुंच मार्ग की कुल लम्बाई 418 मीटर	97,000	97,000	97,000	97,000	97,000
538 मीटर मार्ग के दोनों तरफ (277 नग) वृक्षारोपण हेतु	97,000	66,000	66,000	66,000	66,000
इन्वायरमेंट मॉनिटरिंग	34,000	34,000	34,000	34,000	34,000
सड़क/पहुंच मार्ग के रख–रखाव हेतु	25,000	25,000	25,000	25,000	25,000

हेल्थ चेकअप कैम्प और सेमिनार्स	17,000	17,000	17,000	17,000	17,000
कुल राशि = 12,26,000	**2,70,000**	**2,39,000**	**2,39,000**	**2,39,000**	**2,39,000**

21. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात् उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
48.78	2%	0.98	Following activities at, **Village- Salhebhatha**	
			Plantation and Fencing at Village Pond, AMC for 5 years	1.35
			Total	**1.35**

22. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब पर (आम, कटहल एवं जामुन) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 30 नग पौधों के लिए राशि 3,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 4,500 रूपये, खाद के लिए राशि 1,500 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 24,000 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 33,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 1,02,000 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत **साल्हेभाठा** के सहमति उपरांत तालाब के चारों ओर वृक्षारोपण (खसरा क्रमांक 266, रकबा 0.24 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

23. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

25. पर्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

27. परियोजना प्रस्तावक द्वारा मिनरल्स कन्सेशन नियम (Minerals Concession Rule) के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

28. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संकलन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

29. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 214 में दिये गये निर्देश का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

30. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

31. लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये समस्त मुद्दों के निराकरण हेतु किये जाने वाले कार्यों बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

32. संयुक्त पर्यावरण प्रबंधन योजना के अनुपालन के लिए पर्यावरण के गाईडलाईन के अनुसार क्लस्टर में सम्मिलित सभी आवेदकों के द्वारा पर्यावरण समिति का गठन किये जाने एवं समिति के दिशा–निर्देश तथा निगरानी में पर्यावरण प्रबंधन योजना का निर्धारित कार्य पूर्ण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

33. आवेदित खदान में प्रस्तावित चिमनी किल्नी को पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 22/02/2022 के परिशिष्ट जिगजैग पैटर्न का उपयोग करते हुये ईंट निर्माण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

34. ईंट निर्माण में उपयोग किये जाने वाले फ्लाई ऐश के उचित रख–रखाव के लिए टिन शेड का उपयोग किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

35. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 22/02/2022 को जारी अधिसूचना में ईंट भट्ठा हेतु जारी दिशा–निर्देश के टिप्पणी क्रमांक 8 के अनुसार "ईंट भट्ठों को आवासों और फलों के बागों से 0.8 कि.मी. की न्यूनतम दूरी पर स्थापित किया जाना चाहिए। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समितियां आवास, जनसंख्या घनत्व, जल निकायों, संवेदनशील सिस्टमों इत्यादि की निकटता का ध्यान रखते हुये स्थापित मानदंडों को सख्त बना सकते है।" का उल्लेख है।

उक्त दिशा–निर्देश के तहत् आवेदित खदान से 0.8 किलोमीटर क्षेत्र तक ईंट भट्ठे का निर्माण नहीं किया जाना है।

लीज क्षेत्र से निकटतम आबादी ग्राम–सालेभाठा 450 मीटर की दूरी पर होने के कारण प्रस्तुत उत्खनन योजना में चिमनी/किल्न के प्रस्ताव को हटाकर नैर माईनिंग क्षेत्र रखते हुए केवल मिट्टी उत्खनन किये जाने बाबत् संशोधित अनुमोदित उत्खनन योजना सक्षम अधिकारी से अनुमोदन कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

36. उपरोक्त के संबंध में परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तावित लीज क्षेत्र से केवल मिट्टी का उत्खनन कार्य किया जाएगा एवं लीज क्षेत्र के अंदर किसी भी प्रकार का चिमनी भट्ठा (फिक्स चिमनी) या चिमनी किल्न के माध्यम से पक्की ईंट का

निर्माण नहीं किया जाएगा आवेदित खदान हेतु निर्मित उत्खनन योजना दर्शित चिमनी किल्न के स्थान पर प्रतिबंधित माईनिंग क्षेत्र के रूप में छोड़ दिया जाएगा। इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय किया गया–

1. भूमि संबंधी दस्तावेज (बी–1, पी–2) एवं उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों का सहमति पत्र की पठनीय प्रति प्रस्तुत किया जाए।
2. प्रस्तावित लीज क्षेत्र में केवल मिट्टी उत्खनन किये जाने हेतु संशोधित व अनुमोदित उत्खनन योजना सक्षम अधिकारी से अनुमोदन कराकर प्रस्तुत किया जाए।
3. आवेदित खदान से बनाये जाने वाले कच्चे ईंट को कहां–कहां, किन–किन भट्ठों में उपयोग किया जाएगा तथा उन भट्ठों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त है अथवा नहीं? के संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

4. मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2098)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ सीएमआईएन/ 77589/ 2022, दिनांक 31/05/2022 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ सीएमआईएन/ 427584/ 2023, दिनांक 29/04/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह क्षमता विस्तार का प्रकरण है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 55/10 व 55/11, कुल क्षेत्रफल–6.98 हेक्टेयर (17.26 एकड़) में संचालित कोल वॉशरी क्षमता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष के विस्तार हेतु आवेदन किया गया है। वर्तमान में परियोजना का विनियोग 22 करोड़ है। क्षमता विस्तार उपरांत परियोजना का कुल विनियोग रूपये 25 करोड़ होगा।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1515, दिनांक 05/12/2022 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 2(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) कोल वॉशरी क्षमता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष वेट टाईप हेतु जारी किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/06/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 465वीं बैठक दिनांक 22/06/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विशाल कुमार जैन, डॉयरेक्टर एवं श्री संदीप कुमार वर्मा, जनरल मैनेजर एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स ग्रुप टेक हाउस कंसल्ट सोईर्वी, दिल्ली की ओर से श्री जे. के. मोहता उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण–**

   - एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 1820, दिनांक 04/03/2022 द्वारा मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 55/1 (बटांकन पश्चात् खसरा क्रमांक 55/10 एवं खसरा क्रमांक 55/11), कुल क्षेत्रफल – 6.98 हेक्टेयर (17.26 एकड़) में प्रस्तावित थी–कोल वॉशरी क्षमता – 0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी।

   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 1538, दिनांक 07/06/2023 के माध्यम से पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति का पालन प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार सभी शर्तों का पूर्ण पालन किया जाना बताया गया है।

2. **जल एवं वायु स्थापना सम्मति** – छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु स्थापना सम्मति दिनांक 20/04/2022 को जारी की गई।

3. **निकटतम स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी** –

   - निकटतम आबादी ग्राम–कन्हाईबंद 1.6 कि.मी., स्कूल एवं अस्पताल नैला 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन नैला 2.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। हसदेव नदी 9.5 कि.मी. दूर है।

   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

4. कोल वॉशरी क्षमता 0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष किये जाने हेतु कार्य समय (Working Hours) 8 घण्टे से बढ़ाकर 20 घण्टे किया जाएगा।

5. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – परियोजना स्थापना के संबंध में ग्राम पंचायत कन्हाईबंद का दिनांक 25/04/2016 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

6. **भूमि स्वामित्व** – महाप्रबंधक (भू–अर्जन), छत्तीसगढ़ स्टेट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर के ज्ञापन पृ. क्रमांक सीएसआईडीसी/भू–अर्जन/21/11163 रायपुर, दिनांक 21/12/2021 द्वारा जारी आधिपत्य प्रमाण पत्र अनुसार "मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड को कोल वॉशरी की स्थापना हेतु जिला–जांजगीर–चांपा, तहसील–जांजगीर के ग्राम–कन्हाईबंद की खसरा क्रमांक 55/1 का भाग (बटांकन पश्चात् खसरा क्रमांक 55/10 रकबा 6.708 हेक्टेयर

एवं खसरा क्रमांक 66/11 रकबा 0.275 हेक्टेयर) कुल रकबा 6.984 हेक्टेयर (17.26 एकड़) शासकीय भूमि (रेकार्डिक) का आधिपत्य इकाई के प्रतिनिधि को दिनांक 24/12/2021 को सौंपा गया।" होना बताया गया है।

7. लेण्ड एरिया स्टेटमेंट –

S.No.	Description	Area (Acres)	Percentage (%)
1.	Washery Plant	3.45	20
2.	Raw Coal, Stock yard, Clean Coal & Rejects	3.45	20
3.	Other Facilities (Internal Roads, WTP, Staff Quarters etc.)	1.73	10
4.	Plantation	8.63	50
Total		17.26	100

8. रॉ-मटेरियल –

For Coal Washery				
Raw Material	Existing	After Expansion	Source	Mode of Transport
Raw Coal	0.99 MTPA	2.48 MTPA	SECL Korba	By Road through covered trucks
Opareting time	1 Shift	3 Shift		

Material Balance

Product & By Product	Existing Quantity (MTPA)	After Expansion Quantity (MTPA)	Mode of Transport
Washed Coal	0.792	1.984	70 % By Railway and 30% By Road through covered trucks
Reject Coal	0.198	0.496	By Road through covered trucks

9. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – कोल क्रशर इकाई, रोटरी ब्रेकर एवं स्क्रीन हाउस में डस्ट एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ बैग फिल्टर की स्थापना की जाएगी। सभी कोल कन्वेयर बेल्ट्स एवं जंक्शन प्वाईंट्स को ढंका जाकर अतिरिक्त बैग फिल्टर से संलग्न कर चिमनी से जोड़ा जाना प्रस्तावित है। परिसर के चारों ओर 3 मीटर ऊँची बाउण्ड्री वॉल का निर्माण एवं रेन गन के साथ ऊँची स्क्रीन स्थापित की जाएगी। साथ ही डस्ट सप्रेशन / फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है।

10. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था** – कोल वाशरी रिजेक्ट्स लगभग 0.496 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। कोल वाशरी से उत्पन्न रिजेक्ट्स को आस-पास पावर प्लांटों, ईंट निर्माण इकाइयों एवं अन्य उद्योगों को ईंधन के रूप में उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।

11. जल प्रबंधन व्यवस्था –

- **जल खपत एवं स्रोत** – परियोजना हेतु कुल 410 घनमीटर प्रतिदिन (कोल वाशिंग प्रोसेस हेतु 344 घनमीटर प्रतिदिन, घरेलू उपयोग हेतु 13.5 घनमीटर प्रतिदिन, वृक्षारोपण हेतु 43.25 घनमीटर प्रतिदिन एवं डस्ट सप्रेशन हेतु 9.25

घनमीटर प्रतिदिन) जल की खपत होगी, जिसकी आपूर्ति भू–जल से की जाएगी। परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से 250 घनमीटर प्रतिदिन के लिए दिनांक 02/09/2024 तक अनुमति प्राप्त की गई है, शेष 160 घनमीटर जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से अनुमति लिया जाना प्रस्तावित है।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – हैवी मीडिया सायक्लोन आधारित वेट कोल वॉशरी स्थापित किया गया है। क्लोज्ड लूप वॉटर सिस्टम व्यवस्था की गई है। प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु थिकनर, बेल्ट प्रेस एवं सेटलिंग पॉण्ड के माध्यम से उपचार किया जाना प्रस्तावित है। औद्योगिक प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल को उपरोक्तानुसार उपचार उपरांत पुनः प्रक्रिया में, डस्ट सप्रेशन में तथा परिसर के भीतर वृक्षारोपण में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। घरेलू दूषित जल के उपचार हेतु सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट क्षमता 30 घनमीटर प्रतिदिन की स्थापना की जाएगी। सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट से उपचारित जल को पूर्णतः कोल हेण्डलिंग एरिया में डस्ट सप्रेशन हेतु उपयोग किया जाएगा। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

  (अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

  (ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / आर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

12. **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा जल का कुल रनऑफ 20,469 घनमीटर है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 2 तालाब 9,360 घनमीटर (लंबाई 40 मीटर, चौड़ाई 40 मीटर, गहराई 10 मीटर) क्षमता का निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। स्थापित एवं प्रस्तावित प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को रिचार्ज किया जा सकेगा। सभी रिचार्ज स्ट्रक्चर्स इस प्रकार निर्मित किए जाएंगे कि इनमें समान मात्रा में वर्षा जल का बहाव हो सके।

13. **विद्युत खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु 1600 के.वी.ए. विद्युत की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से की जाएगी। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 500 के.वी.ए. का डी.जी. सेट ऊंचाई (10 मीटर) की चिमनी के साथ स्थापित किया गया है।

14. **वृक्षारोपण संबंधी जानकारी** – वर्तमान में हरित पट्टिका के विकास हेतु 4,000 नग पौधे रोपित किया गया है। प्रस्तावित कार्यकलाप के तहत् 8.63 एकड़ (लगभग 33 प्रतिशत) क्षेत्र में कुल 4,500 नग पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है। परिसर के तीन तरफ में 20 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में एवं रेलवे साईडिंग की तरफ 40 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में वृक्षारोपण किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पौधों के लिए राशि 3,42,000 रूपये, खाद के लिए राशि 33,750 रूपये, सिंचाई के लिए राशि 1,50,000 रूपये तथा रख–रखाव के लिए राशि 96,000 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 6,21,750 रूपये प्रथम वर्ष हेतु एवं रख–रखाव हेतु कुल राशि 11,34,380 रूपये आगामी चार वर्षों हेतु चरणवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

15. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण–**

i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य 1 अक्टूबर 2020 से 31 दिसंबर 2020 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 8 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 8 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. **मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पीएम, एसओ$_2$, एनओ$_2$ का सान्द्रण लेवल–**

Concentration level (μg/m^3) of criteria pollutants			
Criteria Pollutants	**Minimum (μg/m^3)**	**Maximum (μg/m^3)**	**CPCB Standard (μg/m^3)**
$PM_{2.5}$	20.5	36.3	60
PM_{10}	33	47.9	100
SO_2	4.5	10.4	80
NO_2	9.1	18.3	80

iii. **परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता–** ई.आई.ए. के Chapter-3 Description of environment में दर्शाये गये टेबल अनुसार क्लोराइडस, नाइट्रेट्स, सल्फर, कार्बोनेट्स, लेड, आर्सेनिक एवं अन्य रसायनिक तत्वों का सान्द्रण लेवल भारतीय मानक से कम है।

iv. **परिवेशीय ध्वनि स्तर–**

Noise level - dB (A)			
Equivalent Noise level	**Minimum dB (A)**	**Maximum dB (A)**	**CPCB Standard dB (A)**
Day L_{eq}	50.6	52	75
Night L_{eq}	39.4	41.2	70

जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक स्तर से कम है।

v. **पी.सी.यू. की गणना–** भारी वाहनों/मल्टीएक्सल हैवी वाहनों को समाहित करते हुये ट्रैफिक अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार वर्तमान में 1,966 पी.सी.यू. प्रतिदिन है। प्रस्तावित परियोजना उपरांत 2,436 पी.सी.यू. की वृद्धि होगी। तत्पश्चात् कुल 4,393 पी.सी.यू. प्रतिदिन होगी। विस्तार के उपरांत भी रॉ–मटेरियल/प्रोडक्ट्स के परिवहन हेतु सड़क मार्ग की लोड वहन क्षमता निर्धारित मानक के भीतर है।

vi. **क्युमिलेटिव इम्पेक्ट असेसमेंट –**

Environmental Aspect	Impact of 0.99 MTPA	Impact of 2.48 MTPA
Stack emission (30 m tall 500 TPH crusher stack)	Increment GLC (24-h avg) Uncontrolled - 8.6 ug/m^3 Controlled – 1.8 ug/m^3	Increment GLC (24-h avg) Uncontrolled - 8.6 ug/m^3 Controlled – 1.8 ug/m^3
Fugitive emissions	Increment GLC (24-h average)	Increment (24-h average) Uncontrolled 30.7 ug/m^3

	Uncontrolled 12.3 ug/m³	
Ground water use	250 KLD	410 KLD
Waste water generation and disposal	No change	No change
Noise	Incremental Noise level at plant boundary will increase from 62.3 dBA to 62.5 dBA during day time and 50.2 dBA to 52.7 dBA during night time (due to project)	There will be no change in incremental noise level at plant boundary. Only the duration of increase will change from 8 hours to 20 hours
Traffic	214 trucks added 51% of the road capacity was utilized	534 trucks added 73% of the road capacity is now utilized

16. लोक सुनवाई दिनांक 15/03/2023 को प्रातः 11:00 बजे स्थान – प्राथमिक शाला, ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 05/04/2023 द्वारा प्रेषित किया गया है।

17. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है:–**

   i. कृषि भूमि बंजर होगी, कोयला के डस्ट से धान का रंग बदरंग होगा, चावल काले होंगे। पेड़–पौधे ऊपर से आवरणों से ढक जायेंगे। गायों के लिये घास चराई के काम नहीं आयेंगी। तालाबों का जल कोयला के धूल से प्रदूषित होंगे, निस्तार के लिये मानव, पक्षी, जानवरों के लिये बनाये हुये तालाब का कोई औचित्य नहीं रह जायेगा, जल उपयोग करने पर बीमार होंगे।

   ii. कोल वाशरी खुलने से सड़क में हाईवा एवं ट्रक का आवागमन बढ़ेगा, जिससे दुर्घटना होगी। सड़कों में कन्हाईबंद, सिवनी, पाली के आसपास कई स्कूल है जहां बच्चे पढ़ने जाते है। दुर्घटना के साथ–साथ धूल एवं धुआं से आम जनता की परेशानी बढ़ेगी ।

   iii. कोल वाशरी खुलने के कारण गांव के लोगों के स्वास्थ्य में बड़ी गिरावट आ रही है और लोगों को न ही रोजगार प्रदान किया गया है। प्रदूषण और रोजगार को ध्यान में रखकर कार्य किया जावे।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावकों की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:–

   i. प्रस्तावित उद्योग शून्य जल निस्त्राव प्रक्रिया के तहत् लगाया जा रहा है, जिसमें कोल वाशिंग प्रक्रिया के दौरान निकलने वाले जल को अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण बेल्ट फिल्टर प्रेस एवं सेटलिंग टैंक में उपचारित, पुनःचक्रण कर उपयोग में लाया जायेगा, जिससे उद्योग के बाहर किसी भी प्रकार से जल का निस्त्रावण नहीं होगा। जिसके कारण किसी भी प्रकार का जल प्रदूषण नहीं होगा तथा प्रक्रिया के दौरान होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु उद्योग परिसर के सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। क्रशिंग यूनिट एवं स्क्रीन हाउस के साथ बेग फिल्टर लगाया गया है, जो वायु प्रदूषण के उत्सर्जन की रोकथाम हेतु उपकरण है। वायु प्रदूषण का पूर्णतया नियंत्रण

करने हेतु कोल क्रशिंग प्लाइंट पर स्टेक हाउस का निर्माण कराया गया है, जिससे ऊंचाई से गिरने वाले कोयले से होने वाला प्रदूषण समाप्त हो जायेगा। वाहनों के आवागमन से होने वाले वायु प्रदूषण के रोकथाम हेतु वॉटर टैंकर से नियमित जल छिड़काव किया जायेगा।

ब. उद्योग के लिए कोयला लेकर आने व जाने वाले भारी वाहनों की गति को नियंत्रित करने हेतु स्पीड गवर्नर एवं जी.पी.एस. सिस्टम लगे हुये अच्छे कंडिशन के वाहनों का उपयोग होगा तथा सक्षम एवं निपुण वाहन चालकों द्वारा वाहन सावधानीपूर्वक चलाये जाने का विशेष रूप से नियमित मॉनिटरिंग किया जायेगा, जिससे दुर्घटना की संभावना नहीं रहेगी ।

स. वाशरी का कार्य निर्माणाधीन अवस्था में है तथा इस निर्माणाधीन अवधि में ग्राम–कन्हाईबंद एवं आसपास के ग्रामों से लगभग 100 से 125 कामगार इस निर्माण कार्य में कार्यरत हैं। प्रदूषण के रोकथाम हेतु समस्त प्रकार के उपाय किये गये हैं और किये जा रहे हैं। संचालन सम्मति के उपरांत उद्योग प्रारंभ होने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

16. सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 796, दिनांक 09/06/2023 के माध्यम से लोक सुनवाई उपरांत प्राप्त आपत्ति की प्रति प्रेषित की गई है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा उक्त आपत्ति के निराकरण हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

आपत्ति	जवाब
कोल वाशरी बनना जनसमुदाय के बीच में दुर्भाग्यपूर्ण है। यह चिंता का विषय है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे। कन्हाईबंद के अलावा आसपास के अन्य गांव के शुद्ध वातावरण में कोयले के कणों की उपस्थिति प्रभावित क्षेत्रों में प्रदूषण फैलायेगी तथा लोगों के स्वास्थ्य में भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कोरबा की तरह इस शहर का भी वातावरण काला नजर आयेगा। जिसकी कीमत अनेक प्रकार की गंभीर श्वास की बीमारियों के साथ चुकानी पड़ेगी। यहां व्यक्तियों के भविष्य में औसत आयु पर भी प्रभाव पड़ेगा।	संचालित उद्योग रिहायशी बस्ती से 2 कि.मी. दूर (no man's land) पर जंगल की ओर स्थित है। संचालित कोल वाशरी अत्याधुनिक तकनीक के साथ निर्मित है, जहां जल के संरक्षण हेतु "बेल्ट फिल्टर प्रेस" वायु प्रदूषण को रोकने हेतु प्रत्येक क्रशिंग पॉइन्ट्स पर "स्टेक हाउस" एवं ट्रान्सफर पॉइंट पर "बैग फिल्टर" का निर्माण किया गया है, तथा वाशिंग तकनीक "वेट प्रोसेस तकनीक" एवं जल के "शून्य निस्सारण" पद्धति के आधार पर निर्मित किया गया है जहां से किसी भी प्रकार से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। परिवहन वाहनों के सड़को पर नियमित रूप से जल छिड़काव की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त प्रयुक्त तकनीक से जल व वायु प्रदूषण से रोकथाम होगी, और कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा।
प्रकृति से खिलवाड़ तथा छेड़छाड़ का नतीजा पूरे विश्व ने कोरोना महामारी के रूप में देखा है। शुद्ध वातावरण मानव / जीव–जन्तुओं के लिये आवश्यक है। जिससे छेड़छाड़ करने से वातावरण में बुरा प्रभाव पड़ेगा।	संचालित कोलवाशरी छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल के समस्त नियमों का पालन करते हुए निर्मित हुई है, तथा प्रकृति के साथ किसी भी प्रकार से छेड़ छाड़ नहीं किया गया है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण हेतु 60 प्रतिशत क्षेत्रफल में सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है जो निरंतर जारी रहता है।

कोल वाशरी द्वारा कोयला वाशरीज / सोगिंग से आसपास क्षेत्र के कृषि भूमि पर कोयला के धूल से फसल खराब हो रहा है। जमीन कोयला से ढका जा रहा है। आसपास के किसानों द्वारा उत्पादन किया गया धान को कोयला के धूल से काला पड़ने सरकारी धान मंडी में धान नहीं खरीदा जा रहा है। इससे आसपास के लोगों के आय के स्रोतों पर बुरा प्रभाव पड़ा है। यह शुद्ध वातावरण में जहर घोलने का काम कर रहा है। इसकी गंभीरता को देखते हुये किसी भी परिस्थिति में पूर्व के और वर्तमान में विस्तार के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं देना चाहिये ।	उक्त संचालित कोल वाशरी "वेट प्रोसेस तकनीक" एवं जल के "शून्य निस्सारण" पद्धति के आधार पर निर्मित किया गया है, जहां से किसी भी प्रकार से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। परिवहन वाहनों के रास्ते पर नियमित रूप से जल छिड़काव की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त प्रयुक्त तकनीक से जल व वायु प्रदूषण की रोकथाम होगी, और कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा।
क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर एवं जिला प्रशासन, जांजगीर-चांपा के द्वारा पर्यावरण स्वीकृति के लिये जनसुनवाई दिनांक 15/03/2023 को हमारे गांव कन्हाईबंद के प्राथमिक स्कूल एवं माध्यमिक स्कूल को बंद करवाकर स्कूल परिसर में जनसुनवाई रखा गया था। परीक्षा का समय है, बच्चों के भविष्य पर प्रभाव पड़ रहा है। स्कूल बंद कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। अभी से हमारे गांव के प्रति इनका रवैया ऐसा है अगर अनुमति दे दी गयी तो कैसा होगा। गंभीर विचारणीय प्रश्न है।	निरंक
कोल वाशरी से होने वाले प्रदूषण, धान को काला होगा, जमीन बंजर हो जायेगा, तालाब एवं कुएँ का जल प्रदूषित होगा, हमारे भूमि / घरों पर डस्ट का परत बिछ जाना, बड़े वाहनों से गांव में बड़ी दुर्घटना बढ़ जायेगी, बड़ी मशीनों एवं गाड़ियों का रात भर चलने की वजह से ध्वनि प्रदूषण होगा जिससे वातावरण वायुमंडल में प्रदूषण फैल जायेगा। प्राणी जगत, जीव जंतु प्रदूषित जलवायु में जीने के लिये बाध्य होंगे।	उक्त संचालित कोल वाशरी "वेट प्रोसेस तकनीक" एवं जल के "शून्य निस्सारण" पद्धति के आधार पर निर्मित किया गया है जहां से किसी भी प्रकार से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। परिवहन वाहनों के रास्ते पर नियमित रूप से जल छिड़काव की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त प्रयुक्त तकनीक से जल व वायु प्रदूषण की रोकथाम होगी, जिससे किसी तरह अन्य पर किसी भी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा।
जिला प्रशासन व पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निरंक जनसुनवाई में ग्रामीणों को दरकिनार कर उद्योग	निरंक

प्रबंधन के समर्थन के लिये सुबह 11.00 बजे शुरूवात कर दोपहर 1.00 बजे बंद कर दिया गया। दोपहर 1.30 बजे तक जनसुनवाई स्थल पर कोई भी अधिकारी नहीं थे। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पूर्व में सोची समझी रणनीति थी। सिर्फ दिखावा करने के लिये जनसुनवाई करायी गयी थी।	
मेसर्स महावीर कोल वाशरी मुख्यालय दीन दयाल उपाध्याय गार्डन के पीछे, व्यापार विहार, बिलासपुर के द्वारा ग्राम कन्हाईबंद तहसील – जांजगीर में बिना पर्यावरणीय स्वीकृति, स्थापना सम्मति प्राप्त किए शासकीय भूमि खसरा नंबर 55/1 जो चारागाह, गौठान, खेल के मैदान एवं अन्य निस्तार प्रयोजन के लिए आरक्षित थी जिसे सी.एस.आई.डी.सी. से औद्योगिक प्रयोजन हेतु हस्तांतरण किया गया है एवं अन्य ग्रामीणों की निजी कृषि भूमि जिसे वैकल्पिक भूमि के रूप में खसरा नम्बर 55/1 के जगह सी.एस.आई.डी.सी. को हस्तांतरण हेतु पंजीकृत कराया जा चुका है तथा कुछ अन्य ग्रामीणों की कृषि भूमि जिसे कृषि प्रयोजन हेतु खरीदा गया था और उसे औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन कराया गया है में कोल वाशरी, भवन, बॉयलर, पहुंच मार्ग, रेलवे लाईन, साइडिंग का निर्माण, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं भारतीय रेलवे को गुमराह कर उनके सहयोग से बिजली कनेक्शन लेकर किया जा चुका है। और प्रस्तावक के द्वारा भूमि डायवर्सन या आबंटन कराये बिना ही निर्माण कार्य पूरा किया गया है। जिसकी शिकायत सभी को लगातार किये गये है।	मेसर्स महावीर कोल वाशरिज प्रा. लि. को CSIDC raipur औद्योगिक प्रयोजनार्थ 17.26 एकड़ भूमि का अधिपत्य प्राप्त हुआ है, जिसका खसरा नंबर 55/10 व 55/11 है, जिस पर वैधानिक तरीके से छ.ग. विद्युत मंडल द्वारा बिजली कनेक्शन प्रदान की है। प्राइवेट रेलवे साइडिंग हेतु CSIDC raipur से रेलवे साइडिंग प्रयोजनार्थ 5.00 एकड़ भूमि का आबंटन किया गया है, तथा शेष निजि भूमि का डायवर्सन औद्योगिक प्रयोजनार्थ "टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग" से किया गया है। उपरोक्त भूमि का अधिपत्य प्राप्त होने के उपरांत ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गयी थी, जिसकी प्रारंभिक सूचना ग्राम पंचायत व सम्बंधित विभागों को दी गयी थी।
यह उल्लेख करना उचित होगा कि निजी भूमि क्रय करने के समय आपसी सहमति से भूमि क्रय करने संबंधी शासन की नीति का पालन नहीं किया गया है।	आपसी सहमति का नियम निजी भूमि के खरीदी बिक्री पर किसी प्रकार से लागू नहीं होता है। निजी भूमि का क्रय करने के लिए आपसी सहमति का नियम भूमि के अधिग्रहण करने की स्थिति में लागू होता है।
राजस्व विभाग के द्वारा भूमि डायवर्सन आवेदन एवं शासकीय भूमि आबंटन	निरंक

करते समय जगपाल सिंह विरूद्ध पंजाब सरकार में जारी माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश जिसमें निस्तार की भूमि की किसी अन्य प्रयोजन से उपयोग/आबंटन ना करने का स्पष्ट आदेश है, की अवहेलना की गई है।	
उद्योग प्रबंधन को कृषि भूमि एवं शासकीय भूमि का एक बड़ा हिस्सा की आवश्यकता थी तो शासन से पूर्व अनुमति लेकर पुनर्वास नीति का पालन करते हुए जमीन की खरीदी करना चाहिए था जिसका पालन नहीं किया गया है। गाँव के भोलेभाले किसानों को गुमराह कर कृषि प्रयोजन के लिए बलात् रजिस्ट्री कराई गई है जिससे शासन के राजस्व आय को नुकसान पहुंचाया गया है। वर्ष 2018-19 से जमीन की खरीदी की जा रही है जबकि जिला जांजगीर चांपा के अनेक विभाग से सिर्फ कोल साइडिंग के लिए आपत्ति / अनापत्ति / अभिमत प्राप्त किया गया है। वर्ष 2016 में ग्राम पंचायत कन्हाईबंद में उनके नाम पर कोई भी भूमि नहीं थी जो गुमराह कर अभिमत प्राप्त किया गया है।	वर्ष 2016 में औद्योगिक प्रयोजनार्थ शासकीय भूमि के आबंटन हेतु "सैद्धांतिक सहमति" का पत्र उद्योग संचालनालय रायपुर से पत्र क्र. 49/औ.वि.क./भू.अ./2015/569 रायपुर दिनांक 08 जनवरी 2016 एवं पत्र क्र. 38/औ.वि.क./भू.अ. 2015/12419 रायपुर दिनांक 29 जून 2016 के माध्यम से औद्योगिक प्रयोजनार्थ (रिलवे साइडिंग) एवं औद्योगिक प्रयोजनार्थ (कोल वाशरी) हेतु प्राप्त हो चुका था जिसके आधार पर प्रस्तावक द्वारा कार्ययोजना बनाते हुए आगे की कार्यवाही शुरू की थी। प्रस्तावक द्वारा सभी कार्य नियमानुसार वैधानिक तरीके से ही किया गया है, तथा वर्तमान एवं भविष्य में भी विधि अनुरूप ही कार्य किये जायेंगे।
प्रस्तावक के द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, जल (प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण) अधिनियम वायु (प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण) पर्यावरणीय प्रभाव नोटिफिकेशन 2006 के निर्माण करने के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृत स्थापना सम्मति संचालन सम्मति प्राप्त करने संबंधी नियम की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।	प्रस्तावक द्वारा सभी कार्य नियमानुसार वैधानिक तरीके से ही किया गया है, स्थापना सम्मति प्राप्ति के उपरांत विभाग को सूचित करते हुए ही निर्माण कार्य शुरू किया गया था।
विभिन्न ग्रामवासियों के द्वारा शिकायत करने के बावजूद छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व विभाग, खनिज विभाग, उद्योग विभाग पर्यावरण विभाग एवं केंद्र सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं अतिरिक्त मुख्य प्रधान वन संरक्षक क्षेत्रीय कार्यालय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नागपुर द्वारा कार्यवाही नहीं की जा रही है और नियम कानून का मज़ाक बनाया जा रहा है।	निरंक

यह कि जनवरी 2020 में शिकायत प्रस्तुत होने के बाद परियोजना प्रस्तावक ने राज्य स्तर विशेषज्ञ आंकलन समिति एवं राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण समिति, छ.ग. एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर स्थल पर कोई निर्माण नहीं होने संबंधी झूठा तथ्य देकर टी.ओ.आर. दिनांक 13/05/2020 को प्राप्त कर लिया है।	प्रस्तावक द्वारा सभी कार्य नियमानुसार वैधानिक तरीके से ही किया गया है।

19. कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात् उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Additional Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
300	1%	3.0	Following activities at, Govt. higher secondary school **Village- jarwe**	
			Plantation work	3.22
			Total	**3.22**

20. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

21. सी.ई.आर. की राशि के तहत् स्कूल परिसर के भीतर (बड़, पीपल, नीम, करंज, आम, इमली, अर्जुन आदि) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 100 नग पौधों के लिए राशि 6,000 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 80,000 रूपये, खाद के लिए राशि 750 रूपये, सिंचाई (वाटर स्प्रिंकलिंग सिस्टम) के लिए राशि 30,400 रूपये तथा रख–रखाव के लिए राशि 37,600 रूपये, इस प्रकार कुल राशि 1,54,750 रूपये प्रथम वर्ष में एवं कुल राशि 1,67,400 रूपये आगामी 4 वर्षों हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

22. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष कोल वॉशरी क्षमता हेतु कम जल की खपत के लिए स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार 0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष कोल वाशरी के लिए पानी की आवश्यकता 290 घनमीटर प्रतिदिन थी, जो 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष कोल वाशरी के लिए बढ़कर 410 घनमीटर प्रतिदिन हो गई। यह वृद्धि निम्नलिखित कारणों से वॉशिंग क्षमता के अनुपात में नहीं है:–

- वाशरी लगातार 20 घंटे तक काम कर रही है, इसलिए व्यापक व्यास वाले थिकनर सहित पूरे वाशिंग सर्किट से वाष्पीकरण का नुकसान कम है।

- कोल वाशरी को 20 घंटे तक लगातार चलाने से साइक्लोन को वर्गीकृत करने की दक्षता में सुधार होता है, जो अनुकूलित भी हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप धौत कोल एवं रिजेक्ट कोल में सतह की नमी कम हो जाती है।
- जब प्रक्रिया लंबी अवधि के लिए संचालित की जाती है तो वाशिंग सर्किट से रिसाव कम हो जाता है।
- उद्योग ने कोयले की वॉशिंग में महत्वपूर्ण ओ एण्ड एम विशेषज्ञता प्राप्त की है क्योंकि उद्योग द्वारा लगभग एक दशक से अन्य वाशरियों का संचालन कर रहे हैं। उच्च क्षमता का बेल्ट फिल्टर प्रेस का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो धुले हुए कोयले में सतह की नमी को और कम कर देगा।
- वॉशिंग की बढ़ती क्षमता के अनुपात में कर्मचारियों की संख्या नहीं बढ़ रही है। अतः घरेलू जल की खपत में केवल आंशिक वृद्धि हो रही है।
- कोल हैंडलिंग क्षेत्र में डस्ट सप्रेशन के लिए एसटीपी से उपचारित जल का 100 प्रतिशत उपयोग किया जाएगा।
- 20 घंटे तक लगातार संचालन के कारण प्रक्रिया लंबी अवधि के लिए अनुकूलित हो जाती है और वॉशिंग के जल के विशिष्ट गुरुत्व को बनाए रखते हुए निकट गुरुत्वाकर्षण कोयले को रिजेक्ट से अलग करना संभव है। इस तरह वॉशिंग वाटर का उपयोग कम से कम होता है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–

1. मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राईवेट लिमिटेड को ग्राम–कन्हाईबंद, तहसील–जांजगीर, जिला–जांजगीर–चांपा स्थित खसरा क्रमांक 55/10 व 55/11 में कुल क्षेत्रफल–6.98 हेक्टेयर (17.26 एकड़) में संचालित कोल वॉशरी क्षमता–0.96 मिलियन टन प्रतिवर्ष से 2.48 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–01** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।
2. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्राप्त कर एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन ही पर्यावरणीय स्वीकृति की सशर्त अनुशंसा की जाती है।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तद्नुसार सूचित किया जाए।

6. मेसर्स स्मार्ट सिटी अपार्टमेंट्स (अविनाश बिल्डर्स), ग्राम–सेजबहार, तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2362)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ इन्फ्रा2/424775/ 2023, दिनांक 04/04/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–सेजबहार, तहसील व जिला–रायपुर स्थित प.ह.न. 82, कुल क्षेत्रफल–1.2363 हेक्टेयर में प्रस्तावित बिल्डिंग कन्स्ट्रक्शन हेतु रेसीडेंशियल अपार्टमेंट प्रोजेक्ट टोटल बिल्टअप एरिया–28,035

वर्गमीटर के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तावित परियोजना की कुल लागत 84.11 करोड़ होगी।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/08/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 468वीं बैठक दिनांक 22/08/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 22/08/2023 के माध्यम से सूचना दी गयी है कि आवेदन में त्रुटि होने के कारण आवेदन को वापस लिये जाने का अनुरोध किया गया।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित स्थल का पूर्ण निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु श्री किशन सिंह धुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति तथा क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर को सम्मिलित करते हुये तीन सदस्यीय उपसमिति का गठन किया जाता है। तीन सदस्यीय उपसमिति स्थल का निरीक्षण करेगी तथा अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुये कलरयुक्त फोटोग्राफ्स दिनांक सहित बिन्दुवार निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। अतः उपसमिति से निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत प्रस्ताव पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

श्री किशन सिंह धुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, डॉ. मनोज कुमार चोपकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति तथा क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर को तदानुसार सूचित किया जाए। साथ ही परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

6. **मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (धनपुरा आर्डिनरी स्टोन टेम्परारी परमिट क्वारी(1)), ग्राम–धनपुरा, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2364)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /424308 /2023, दिनांक 05/04/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–धनपुरा, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 328/1, 328/2, 328/8, 329 एवं 330, कुल क्षेत्रफल–1 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–1,00,023.13 टन (40,009.25 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/08/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 468वीं बैठक दिनांक 22/08/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री संजीव कुमार सिंह, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India) के पत्र दिनांक 29/03/2022 द्वारा "Six Lane Sargi Basanwahi Section of NH-130-CD Road from km 42+800 to km 99+500 under Raipur-Visakhapatnam Economic Corridor in the state of Chhattisgarh on Hybrid Annuity Mode (Package CG-2)." जारी वर्क ऑर्डर की प्रति प्रस्तुत की गई है। साथ ही मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India) के मध्य सड़क निर्माण के लिए हुये एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत की गई है।

2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

3. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत झाझरकेरा का दिनांक 29/06/2022 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. **उत्खनन योजना** – टेम्परारी परमिट क्वारी प्लान, इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–उत्तर बस्तर–कांकेर के ज्ञापन क्रमांक 486/खनिज/उत्ख.यो.अनु./उ.प./2022–23 कांकेर, दिनांक 13/03/2023 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 2101/खनिज/अ.उत्ख.अनु./2023 धमतरी, दिनांक 22/03/2023 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 3 खदानें, क्षेत्रफल 3 हेक्टेयर है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 2102/खनिज/अ.उत्ख.अनु./2023 धमतरी, दिनांक 22/03/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनीकट, बांध एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है। रोड 190 मीटर की दूरी पर है।

7. **एल.ओ.आई. संबंधी विवरण** – एल.ओ.आई. मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, भोपाल के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1981/खनि/अस्थायी उत्ख. अनुज्ञा/2023 धमतरी, दिनांक 27/01/2023 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता जारी दिनांक से 6 माह की अवधि तक है।

8. **भू-स्वामित्व** – भूमि खसरा क्रमांक 328/1 श्रीमती सुशीला, खसरा क्रमांक 328/2 एवं 328/6 श्री शिवसिंग, खसरा क्रमांक 329 एवं 330 श्री गंगाराम के नाम पर है। उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों के अनुबंध पत्र की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, धमतरी वनमण्डल, जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./जी/4869 धमतरी, दिनांक 04/10/2022 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र की सीमा से 480 मीटर की दूरी पर है।

11. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–धनकुड़ा 350 मीटर, स्कूल ग्राम–धनकुड़ा 560 मीटर एवं अस्पताल धमतरी 23.7 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 6.4 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 26.26 कि.मी. दूर है। पैरी नदी 880 मीटर, नाला 1.66 कि.मी., नहर 1.90 कि.मी. एवं तालाब 210 मीटर दूर है।

12. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

13. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 2,75,000 टन (1,10,000 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 1,42,787 टन (57,115 घनमीटर) एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,35,648 टन (54,259 घनमीटर) है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 3,050 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 12 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.25 मीटर है तथा कुल मात्रा 1,737.5 घनमीटर है, जिसमें से 1,070 घनमीटर ऊपरी मिट्टी को लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) में फैलाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। ओव्हर बर्डन की मोटाई 0.75 मीटर एवं मात्रा 5,212.5 घनमीटर है, जिसमें से आवश्यकतानुसार ओवर बर्डन का उपयोग रैम्प व बण्ड निर्माण तथा पहुँच मार्ग के रख–रखाव में किया जाएगा। शेष ऊपरी मिट्टी एवं ओव्हर बर्डन को लीज क्षेत्र के बाहर सहमति प्राप्त भूमि (खसरा क्रमांक 280/1, 280/2 व 280/3, क्षेत्रफल 1,500 वर्गमीटर) में व्यवस्थित कर संग्रहित रखा जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 02 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित किया जाना प्रस्तावित नहीं है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग किया जाएगा। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	1,00,023.13
द्वितीय	35,268.75
कुल	**1,35,291.88**

14. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 9 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जाएगी। भू-जल की उपयोगिता हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

15. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 603 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण	प्रथम वर्ष (रूपये)	द्वितीय वर्ष (रूपये)	तृतीय वर्ष (रूपये)	चतुर्थ वर्ष (रूपये)	पंचम वर्ष (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु	50,000	50,000	–	–	–

परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव						
खदान के बाउण्ड्री में (603 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (80 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि	60,300	–	–	–	–
	फेंसिंग हेतु राशि	50,500	–	–	–	–
	खाद हेतु राशि	30,150	30,150	30,150	30,150	30,150
	सिंचाई एवं रख–रखाव हेतु राशि	1,40,000	1,40,000	1,40,000	1,40,000	1,40,000
कुल राशि = 10,61,550		3,30,950	2,20,150	1,70,150	1,70,150	1,70,150

16. खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

17. कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (In Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (In Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (In Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (In Lakh Rupees)
24.43	2%	0.48	Following activities at, Govt. Middle School **Village- Pahanda**	
			sanitary ware, Toiletries, Drainage work and installation	0.10
			Donation of books related to Environment Conservation & Almira	0.10
			Plantation	0.32
			Total	**0.52**

18. सी.ई.आर. के तहत् स्कूल परिसर में वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 30 नग पौधों के लिए राशि 300 रूपये, खाद के लिए राशि 1,500 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 7,500 रूपये, इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 9,300 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 22,000 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

19. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

20. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस परियोजना के लिए श्री संजीव कुमार सिंह को अधिकृत किया गया है प्रस्तुतीकरण के दौरान आपके द्वारा दिये सभी दिशा निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, भोपाल के पक्ष में श्री संजीव कुमार सिंह द्वारा लिया गया निर्णय मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड भोपाल को पूर्णतः मान्य होगा। इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. आवेदित खदान से निकलने वाले ऊपरी मिट्टी एवं ओवर बर्डन को रखने एवं अन्य कार्य हेतु उपयोग किये जाने के लिए श्री पंच कुमार, श्री भूषण लाल एवं श्री रोशन का सहमति बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. आवेदित खदान के 7.5 मीटर की हरित पट्टी में प्रस्ताव अनुसार राशि का उपयोग करते हुए वृक्षारोपण किया जाएगा। रोपित पौधों का 5 वर्ष तक उचित देखभाल व रख–रखाव करते हुए न्यूनतम 80 प्रतिशत जीवन संरक्षित सुनिश्चित किया जाएगा। इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश्चात् प्रथम वर्ष के अन्दर सी.ई.आर. प्रपोजल की राशि का प्रस्तावित कार्य में उपयोग करते हुए माननीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गए प्रपोजल में ही खर्च किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. खर्च किये गए राशि की, क्षेत्र की जानकारी, कार्य की जानकारी Latitude-Longitude फोटोग्राफ एवं KML फाईल सहित पर्यावरण स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में दिया जाएगा, यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आपके द्वारा दी गई अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही के लिए मैं बाध्य रहूँगा। इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

25. ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के अंदर सेफ्टी जोन में 1 मीटर ऊँचाई तक भंडारित कर संरक्षित रखे जाने हेतु, मिट्टी का दुरूपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग पुनर्भराव हेतु किये जाने तथा निरीक्षणकर्ता/अधिकारी को उनके निरीक्षण/भ्रमण के दौरान निरीक्षण कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. ब्लास्टिंग का कार्य डी.जी.एम.एस. द्वारा अधिकृत विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

27. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

28. परियोजना के भिन्न–भिन्न स्थलों से फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन होगा, उन स्थलों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

29. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

30. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज नियमों के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

31. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संधारण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

32. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

33. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

34. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 214 में दिये गये निर्देश का पालन किया जायेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

35. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

36. समिति का मत है कि सी.ई.आर. कार्य एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–पक्षीय समिति (प्रोमोटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

37. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गयाः–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 2101/खनिज/अ.उत्ख.अनु./2023 धमतरी, दिनांक 22/03/2023 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 3 खदानें, क्षेत्रफल 3 हेक्टेयर है। आवेदित खदान (ग्राम–धनबुड़ा) का क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर है। इस प्रकार आवेदित खदान (ग्राम–धनबुड़ा) को मिलाकर कुल रकबा 4 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (धनबुड़ा आर्डिनरी स्टोन टेम्परारी परमिट क्वारी(1)) को ग्राम–धनबुड़ा, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी के पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 328/1, 328/2, 328/6, 329 एवं 330 में स्थित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–1 हेक्टेयर, 2 वर्षों में कुल क्षमता – 1,36,291 टन से अधिक न हो, हेतु **परिशिष्ट–02** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

7. **मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (धनबुड़ा आर्डिनरी स्टोन टेम्परारी परमिट क्वारी(2)), ग्राम–धनबुड़ा, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2365)**

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /424420 /2023, दिनांक 05/04/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रस्तावित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–धनबुड़ा, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी स्थित खसरा क्रमांक 328/2(पार्ट) एवं 328/3(पार्ट), कुल क्षेत्रफल–1 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–1,00,046.88 टन (40,018.75 घनमीटर) प्रतिवर्ष है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 16/05/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 468वीं बैठक दिनांक 22/05/2023

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री संजीव कुमार सिंह, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (**National Highways Authority of India**) के पत्र दिनांक 28/02/2022 द्वारा "**Six Lane Sargi Basanwahi Section of NH-130-CD Road from km 42+600 to km 99+500 under Raipur-Visakhapatnam Economic Corridor in the state of Chhattisgarh on Hybrid Annuity Mode**

(Package CG-2)." जारी वर्क ऑर्डर की प्रति प्रस्तुत की गई है। साथ ही मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India) के मध्य सड़क निर्माण के लिए हुये एग्रीमेंट की प्रति प्रस्तुत की गई है।

2. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

3. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत झाझरकेरा का दिनांक 29/06/2022 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. **उत्खनन योजना** – टेम्परेरी परमिट क्वारी प्लान, इन्वायरमेंट मेनेजमेंट प्लान एवं क्वारी क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप–संचालक (खि.प्र.), जिला–उत्तर बस्तर–कांकेर के पृ. ज्ञापन क्रमांक 498/खनिज/उत्ख.पो.अनु./उ.प./2022–23 कांकेर, दिनांक 13/03/2023 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 2105/खनिज/अ.उत्ख.अनु./2023 धमतरी, दिनांक 22/03/2023 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 3 खदानें, क्षेत्रफल 3 हेक्टेयर है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 2106/खनिज/अ.उत्ख.अनु./2023 धमतरी, दिनांक 22/03/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग, बांध एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

7. **एस.ओ.आई. संबंधी विवरण** – एस.ओ.आई. मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, भोपाल के नाम पर है, जो कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1947 /खनि /अस्थायी उत्ख. अनुज्ञा /2023 धमतरी, दिनांक 27/01/2023 द्वारा जारी की गई, जिसकी वैधता जारी दिनांक से 6 माह की अवधि तक है।

8. **भू–स्वामित्व** – भूमि खसरा क्रमांक 328/2 श्री हिरासिंग एवं खसरा क्रमांक 328/3 श्री मदन के नाम पर है। उत्खनन हेतु भूमि स्वामियों के सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

10. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, धमतरी वनमण्डल, जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./जी/4869 धमतरी, दिनांक 04/10/2022 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र की सीमा से 480 मीटर की दूरी पर है।

11. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–धनबुड़ा 480 मीटर, स्कूल ग्राम–धनबुड़ा 880 मीटर एवं अस्पताल धमतरी 22 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 5.5 कि.मी. एवं राजमार्ग 35.3 कि.मी. दूर है। पहाड़ी 720 मीटर, नाला 1.6 कि.मी., नहर 2 कि.मी. एवं तालाब 290 मीटर दूर है।

12. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

13. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 2,75,000 टन (1,10,000 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 1,33,062 टन (53,225 घनमीटर) एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,26,409 टन (50,563 घनमीटर) है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 3,225 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 12 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.25 मीटर है तथा कुल मात्रा 1,693.75 घनमीटर है, जिसमें से 1,131 घनमीटर ऊपरी मिट्टी को लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) में फैलाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। ओवर बर्डन की मोटाई 0.75 मीटर एवं मात्रा 5,081.25 घनमीटर है, जिसमें से आवश्यकतानुसार ओवर बर्डन का उपयोग रैम्प व बण्ड निर्माण तथा पहुँच मार्ग के रख–रखाव में किया जाएगा। शेष ऊपरी मिट्टी एवं ओवर बर्डन को लीज क्षेत्र के बाहर सहमति प्राप्त भूमि (खसरा क्रमांक 280/1, 280/2 व 280/3, क्षेत्रफल 1,500 वर्गमीटर) में भण्डारित कर संरक्षित रखा जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 02 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित किया जाना प्रस्तावित नहीं है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग किया जाएगा। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाएगा। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	1,00,046.88
द्वितीय	28,291.25
कुल	**1,28,338.13**

14. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 9.5 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति बोरवेल के माध्यम से की जाएगी। भू–जल की उपयोगिता हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी की अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

15. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 636 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है–

विवरण	प्रथम वर्ष (रूपये)	द्वितीय वर्ष (रूपये)	तृतीय वर्ष (रूपये)	चतुर्थ वर्ष (रूपये)	पंचम वर्ष (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव	50,000	50,000	—	—	—

खदान के बाउण्ड्री में (836 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (90 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि	83,600	–	–	–	–
	फेंसिंग हेतु राशि	53,500	–	–	–	–
	खाद हेतु राशि	31,800	31,800	31,800	31,800	31,800
	सिंचाई एवं रख–रखाव हेतु राशि	1,50,000	1,50,000	1,50,000	1,50,000	1,50,000
कुल राशि = 10,76,100		3,38,900	2,21,800	1,71,800	1,71,800	1,71,800

16. खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

17. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
24.43	2%	0.48	Following activities at, Govt. Primary School **Village- Kawradih**	
			Installation of UV water filter and its AMC	0.20
			Running water facility for Toilets	0.20
			Donation of books related to Environment Conservation & Almira	0.10
			Total	**0.50**

18. सी.ई.आर. के तहत् प्रस्तावित स्कूल के प्राचार्य (Principal) का सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है।

19. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस परियोजना के लिए श्री संजीव कुमार सिंह को अधिकृत किया गया है प्रस्तुतिकरण के दौरान आपके द्वारा दिये सभी दिशा निर्देशों के परिपेक्ष्य में मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड, भोपाल के पक्ष में श्री संजीव कुमार सिंह द्वारा लिया गया निर्णय मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड

भोपाल को सूचित मान्य होगा। इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

20. आवेदित खदान से निकलने वाली ऊपरी मिट्टी एवं ओवर बर्डन को रखने एवं अन्य कार्य हेतु उपयोग किये जाने के लिए श्री पंच कुमार, श्री भुवन लाल एवं श्री रोशन का सहमति बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. आवेदित खदान के 7.5 मीटर की हरित पट्टी में प्रस्ताव अनुसार राशि का उपयोग करते हुए वृक्षारोपण किया जाएगा। रोपित पौधों का 5 वर्ष तक उचित देखभाल व रख–रखाव करते हुए न्यूनतम 80 प्रतिशत जीवन संरक्षित सुनिश्चित किया जाएगा। इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त हो जाने के पश्चात् प्रथम वर्ष के अन्दर सी.ई.आर. प्रयोजन की राशि का प्रस्तावित कार्यों में उपयोग करते हुए माननीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गए प्रयोजन में ही खर्च किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. खर्च किये गए राशि की, क्षेत्र की जानकारी, कार्य की जानकारी Latitude-Longitude फोटोग्राफ एवं KML फाईल सहित पर्यावरण स्वीकृति के पालन प्रतिवेदन में दिया जाएगा, यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आपके द्वारा की गई अनुशासनात्मक/वैधानिक कार्यवाही के लिए मैं बाध्य रहूँगा। इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के अंदर सेफ्टी ज़ोन में 1 मीटर ऊँचाई तक भंडारित कर संरक्षित रखे जाने हेतु, मिट्टी का दुरूपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने एवं इस मिट्टी का उपयोग पुनर्भराव हेतु किये जाने तथा निरीक्षणकर्ता/अधिकारी को उनके निरीक्षण/भ्रमण के दौरान निरीक्षण कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

25. ब्लास्टिंग का कार्य डी.जी.एम.एस. द्वारा अधिकृत विस्फोटक लाईसेंस धारक (Explosive License Holder) द्वारा कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

26. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

27. परियोजना के भिन्न–भिन्न स्थलों से फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन होगा, उन स्थलों पर नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

28. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 80 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

29. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज नियमों के तहत् बाउण्ड्री पिलर्स द्वारा सीमांकन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

30. परियोजना प्रस्तावक द्वारा किसी भी प्रकार का दूषित जल का प्रवाह प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किये जाने एवं इसके संधारण किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

31. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

32. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

33. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को common cause vs. Union of India writ petition (C) 114 of 214 में दिये गये निर्देश का पालन किया जावेगा इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

34. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को writ petition (S) Civil No.114 /2014 common cause vs. Union of India & Ors. में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। इस बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

35. समिति का मत है कि सी.ई.आर. कार्य एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–पक्षीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–पक्षीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

36. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजिनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रूप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है–

a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

